# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 10 जुलाई 2025
संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 15 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 306 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ विकास पर भारी बढ़ती जनसंख्या

संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में स्वैग से पहुंचे सलमान खान, एक्स-गर्लफ्रेंड संग दिए ◀◀ 6




रांची, गुरुवार, 10 जुलाई 2025
संवत 2082, आषाढ़ शुक्ल 15 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 306, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक



4 ▸▸ विकास पर भारी बढ़ती जनसंख्या

संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में स्वैग से पहुंचे सलमान खान, एक्स गर्लफ्रेंड संग दिए ◂◂ 6

# रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक शुरू, सीएम हेमंत सोरेन ने गृह मंत्री अमित शाह का किया स्वागत

**संवाददाता**

**रांची:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक शुरू हो गई है जिसमें झारखंड को विशेष सहायता और योजनाओं की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बैठक में चार पूर्वी राज्यों झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लगभग 70 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी भी इसमें शामिल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस बैठक के लिए शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

एक अधिकारी ने बताया,गृह मंत्री की अध्यक्षता में रांची में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।'' सोरेन ने एक्स' पर पोस्ट कर कहा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड के रांची में आयोजित 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता हेतु केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्वागत किया।'' एक अन्य अधिकारी ने बताया कि झारखंड सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) पर बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये की कोयला



राशि का मुद्दा उठा सकती है जबकि बिहार सीमावर्ती राज्यों के साथ जल बंटवारे से जुड़े मुद्दे उठा सकता है। उन्होंने बताया कि बिहार दोनों राज्यों के बीच संपत्ति विभाजन से संबंधित मुद्दों को भी उठा सकता है, जिनमें से कई 15 नवंबर 2000 को झारखंड के गठन के बाद से अभी तक अनसुलझे हैं। झारखंड आदिवासियों के लिए एक अलग सरना धार्मिक संहिता' की मांग भी उठा सकता है। हेमंत सोरेन सरकार इस संबंध में पहले ही राज्य विधानसभा में एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेज चुकी है।

एक अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा, झारखंड यह मांग भी कर सकता है कि कोयला धारक क्षेत्र (अर्जन और विकास) अधिनियम में संशोधन कर यह प्रावधान जोड़ा जाए कि खनन कार्य पूरा होने के बाद कंपनियां, राज्य सरकार को जमीन वापस करें। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सोरेन के अलावा, झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरुआ, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रमुख सचिव (गृह) वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता बैठक में भाग ले रहे हैं।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के इलाज के सिलसिले में लगभग 15 दिन से दिल्ली में थे लेकिन बैठक में भाग लेने के लिए वह बुधवार देर रात रांची लौट आए। अधिकारी ने बताया कि बिहार का प्रतिनिधित्व मंत्री विजय चौधरी और सम्राट चौधरी कर रहे हैं जो बुधवार को यहां पहुंच गए। उन्होंने बताया कि ओडिशा के प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा शामिल हैं। पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य कर रही हैं। यह बैठक पहले 10 मई को होनी थी, लेकिन उस समय भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण हालात को देखते हुए इसे स्थगित कर दिया गया था।

## लातेहार में अपराधियों का तांडव

# कोल साइडिंग के पास हाइवा में लगाई आग,राहुल दुबे गैंग ने ली घटना की जिम्मेवारी

**लातेहार:** जिला अंतर्गत टोरी रेलवे जंक्शन के पूर्वी छोर पर स्थित टीपीएसटी रेलवे कोल साइडिंग में बुधवार की मध्यरात्रि अपराधियों ने उत्पात मचाया। साइडिंग में कोयला अनलोड कर निकल रहे हाइवा (ओडी 09वी 1907) को फूंक डाला। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की देर रात्रि लगभग आधा दर्जन अपराधियों का समूह सायडिंग पहुंचा। साइडिंग में खड़े एक हाइवा को आग लगा दिया। घटना को अंजाम देने के बाद गोलीबारी करते अपराधी वहां से भाग गए। अपराधियों द्वारा टीपीएसटी कोल साइडिंग टोरी में हाइवा फूंकने की सूचना के बाद चंदवा थाना पुलिस के साथ लातेहार जिला से पुलिस के पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। जिसके बाद वरीय पुलिस पदाधिकारी स्थानीय पुलिस से घटना की जानकारी लेकर अपराधियों की धर-पकड़ के लिए निर्देश दिया। तत्पश्चात छापेमारी अभियान तेज कर दिया गया। अपराधियों द्वारा हाइवा फूंकने की जानकारी के बाद व्यवसायियों में दहशत देखा जा रहा है। राहुल दुबे गैंग ने पर्चा और सोशल मीडिया पर ली घटना की जिम्मेवारी: टीपीएसटी कोल साइडिंग में हाइवा जलाने और गोलीबारी की जिम्मेवारी राहुल दुबे गैंग ने ली है। पर्चा छोड़ने के साथ सोशल मीडिया पर भी घटना की जिम्मेवारी ली है। चंदवा, बालूमाथ, चतरा, लातेहार के सभी कोयला कारोबारियों को चेताते हुए कहा है कि बिना मुझ से प्रदीप गंझू, राहुल दुबे से मैनेज किए अपना सारा काम बंद कर दें, वरना आगे आपलोगों की खोपड़ी खोल दी जाएगी। पर्ची में लिखा है कि राहुल दुबे इस घटना को अंजाम देती है। रंजीत गुप्ता को चेतावनी दी जाती है कि अगर बिना बात किए काम चालू किया तो इससे भी बुरा होगा। डीआईजी नौशाद आलम ने कहा है कि अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस कटिबद्ध है। अपराधियों से किसी को डरने की जरूरत नहीं है। क्षेत्र में कार्य करने वाले ठेकेदार, व्यवसायी और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर पुलिस तत्पर है। डीआईजी ने आम लोगों से पुलिस को सहयोग करने और किसी तरह की जानकारी की गुप्त सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

International Year of Cooperatives
2025
Cooperatives Build a Better World

सत्यमेव जयते

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक

27th MEETING OF THE EASTERN ZONAL COUNCIL

अन्तर राज्य परिषद सचिवालय, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

Inter State Council Secretariat, Ministry of Home Affairs, Government of India

दिनांक: 10 जुलाई, 2025 रांची, झारखण्ड

झारखण्ड में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री, बिहार और पश्चिम बंगाल के माननीय मंत्रियों तथा भारत सरकार एवं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के सदस्य राज्यों के प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत और जोहार है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 356936 (IPRD) 25-26

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## पुराने वाहनों पर राहत

**दिल्ली-** एनसीआर में वायु प्रदूषण पर केंद्र के आयोग ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में समय सीमा पूरी कर चुके वाहनों (ईओएल) में ईंधन भरने पर प्रतिबंध के कार्यान्वयन को एक नवम्बर तक स्थगित करने का *फैसला किया है। दिल्ली में अब यह अभियान राष्ट्रीय राजधानी से सटे पांच उच्च वाहन घनत्व वाले जिलों गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और सोनीपत के साथ इसी साल एक नवम्बर से शुरू किया जाएगा। ईओएल वाहन 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल चालित वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन हैं। पहले जारी निर्देश में कहा गया था कि ऐसे वाहनों को एक जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाएगा। चाहे वे किसी भी राज्य में पंजीकृत हों। इस फैसले का क्रियान्वयन शुरू होते ही जनाक्रोश बढ़ा तो दिल्ली सरकार को अहसास होने लगा कि यह फैसला प्रतिगामी साबित हो सकता है। यह भी लगने लगा कि यह फैसला समय से पहले उठा लिया गया कदम है। क्रियान्वयन में परिचालनगत और ढखंचागत चुनौतियां भी समझ आने लगीं। सरकार के हाथ-पांव फूलने लगे और उसने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीक्यूएम) से ईओएल के खिलाफ कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया। इस पर सीक्यूएम ने समीक्षा बैठक करके इस फैसले पर फिलवक्त रोक लगाने का निर्णय लिया है। दरअसल, यह फैसला जब नवम्बर में लागू किया जाएगा तब भी दिल्ली सरकार को तमाम चुनौतियों का सामना करना होगा। एक तो यह क्रियान्वयन इतना सख्त है कि एक भी ईओएल बचने नहीं पाएगा। ऐसे में जब्ती होगी। पुराने वाहन से वाहन स्वामियों का भावनात्मक लगाव होता है। इसके अलावा कई वाहन स्वामी अपने वाहनों को अच्छे से मेंटेन करके रखते हैं और उन्हें लगता है कि उनके वाहन प्रदूषणकारी नहीं है। जो सच भी होता है। तो ऐसे में उनकी जब्ती उन्हें पच नहीं सकेगी। बीते दिनों इस फैसले के क्रियान्वयन के पहले ही दिन जिस तरह वाहन पेट्रोल पंपों पर जब्त करके वाहन स्वामियों को पैदल' कर दिया गया उससे खासा जनाक्रोश पनपा। वाहन स्वामियों के नजरिए से देखें तो उन्हें गलत नहीं कहा जा सकता। बेशक, प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर की जाने वाली किसी भी कवायद या नियम- कायदे को खारिज नहीं किया जा सकता। लेकिन सरकार को इस तथ्य की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि नया वाहन खरीदने के लिए मध्यम या निम्न मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ पड़ना तय है। नये वाहन के लिए ऋण आदि की सहूलियत दिया जाना जरूरी है। बिना इसके आने वाले समय में भी जनाक्रोश रोके नहीं रुकेगा।

## ई-कॉमर्स के जरिए आतंकवाद

**आतंकवाद** पर एक सनसनीखेज खुलासा सामने आया है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फाट्फ) की एक रपट में यह चौंकाने वाला आयाम बेनकाब हुआ है कि अमेजन जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन, सोशल मीडिया के जरिए आतंकवाद की फंडिंग की जाती रही है। आतंकियों ने अमेजन प्लेटफॉर्म के जरिए ऐसा विस्फोटक हासिल किया, जिसने पुलवामा, 2019 के आतंकी हमले को और भी तीक्ष्ण बना दिया। नतीजतन सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। यह हमला पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मुहम्मद के आतंकियों ने किया था, यह निष्कर्ष विभिन्न जांच-रपटों के जरिए सार्वजनिक हो चुका है। फाट्फ की रपट में यह भी सामने आया है कि पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए यह कहा गया है कि किसी की आर्थिक मदद के बिना यह हमला संभव नहीं था। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन टीआरएफ के आतंकियों ने किया था। यह वैश्विक तथ्य है कि लश्कर और उसका सरगना हाफिज सईद पाकिस्तान में ही है। फाट्फ ने यह भी दावा किया है कि 2022 में उप्र के गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को पेमेंट पेपाल ऐप से किया गया था। फाट्फ ने इन दोनों हमलों को रपट में एक उदाहरण के तौर पर शामिल किया है। जब यह हकीकत बेनकाब हो चुकी है कि ई-कॉमर्स, ऐप, सोशल मीडिया के जरिए जिन आतंकी समूहों ने आर्थिक मदद प्राप्त की थी और वे पाकिस्तान में ही सक्रिय हैं, तो फाट्फ ने रपट में पाकिस्तान का नाम क्यों नहीं लिया? फाट्फ पहले भी 2-3 बार पाकिस्तान को ग्रे सूची में डाल चुका है। अब भारत लगातार यह आग्रह कर रहा है कि पाकिस्तान न केवल आतंकियों को पनाह देता है, बल्कि फंडिंग के लिए हुकूमत की एजेंसियां भी आतंकियों की मदद करती रही हैं, तो फाट्फ पाकिस्तान की जांच कर उसे ग्रे सूची में डालने से क्यों हिचक रहा है? ग्रे सूची के बजाय अब पाकिस्तान को काली सूची में डाल दिया जाना चाहिए। फाट्फ को भारत ने और अन्य देशों ने पर्याप्त साक्ष्य दिए हैं। पाकिस्तान में आतंकवाद खुला खेल है।

वहां के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो लगातार बयान दे रहे हैं कि यदि भारत सहयोग करे, तो पाकिस्तान मसूद अजहर और हाफिज सईद जैसे आतंकियों को भारत को सौंप सकता है। बिलावल सत्तारूढ़ गठबंधन के चेयरमैन हैं। फाट्फ इसे भी आधार बना कर कार्रवाई कर सकता है। रपट में यह भी गौरतलब है कि अमेजन का इस्तेमाल न केवल सामान खरीदने, बल्कि बेचने के लिए भी किया जा रहा है। आतंकी कम कीमत वाले सामान बेचकर और दान मांग कर फंड जुटा रहे हैं। ट्रेड बेस्ड मनी लॉन्ड्रिंग स्कीम के तहत एक व्यक्ति सामान खरीद कर अपने साथी को भेजता है, जो उसे दूसरे देश में बेच कर पैसे जुटाता है। फाट्फ ने अपने अध्ययन में पाया है कि आतंकी ऐसे प्लेटफॉर्म और ओपन मार्केट प्लेस से हथियार, रसायन और थ्रीडी प्रिंटिंग सामग्री खरीद रहे हैं। आतंकवाद इतना अहम सरोकार है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान उठाया और साझा बयान में इसे शामिल कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में क्रोएशिया, घाना, त्रिनिडाड एंड टोबैगो, अर्जेन्टीना, ब्राजील के प्रवासों के दौरान आतंकवाद पर विश्व-मत तैयार करने की कोशिश की। ब्रिक्स ने पहलगाम नरसंहार पर निंदा प्रस्ताव भी पारित किया। अब यह ब्रिक्स देशों के लिए नीतिगत सरोकार है कि वे हर स्तर के आतंकवाद का विरोध करें। आतंकवाद को सिर्फ हमला करने वाले आतंकियों तक ही सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें पनाह देने वाले, फंडिंग करने वाले, प्रायोजक देश भी आतंकवाद की परिधि में माने जाएंगे, लिहाजा उन्हें न्याय के कठघरे तक घसीट कर लाना होगा। इस तरह पाकिस्तान हर स्तर पर बेनकाब हो रहा है। बहरहाल भारतीय खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने खासतौर पर ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को चेतावनी दी है कि यदि उन्होंने खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। बहरहाल आतंक का एक चालाक खेल सामने आया है, जिसे यहीं कुचल देना चाहिए।

# विकास पर भारी बढ़ती जनसंख्या

> भारत की 65 फीसदी युवा आबादी जहां भारत का संबल है तो वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी जैसी बड़ी चुनौती का पर्याय भी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार मई-2025 में भारत में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। आज भारत में बड़ी संख्या में शिक्षित युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। बढ़ती जनसंख्या से प्रवासियों का एक राज्य से दूसरे राज्यों को पलायन बढ़ा है जो रोजगार को लेकर अब आपसी संघर्ष में बदल रहा है और इसका राजनीतिक लाभ के लिए भी इस्तेमाल हो रहा है। बड़े शहरों में रेहड़ी फड़ी की बढ़ती भीड़ से सडकों, गलियों में अतिक्रमण बढ़ने से ट्रैफिक जाम की समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इस बार विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम है, युवा वर्ग को ऐसा समर्थ बनाना, जहां वे निष्पक्ष और आशाजनक दुनिया में अपने मनचाहे परिवार की रचना कर सकें। इससे अभिप्राय है कि युवा वर्ग को अपना भविष्य बनाने में मदद करना है, कि कब परिवार शुरू करें, कितने बच्चे हों और कैसे स्वस्थ माहौल में जियें।

**अनुज आचार्य**

इन दिनों भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय कोरोना काल में रुकी पड़ी भारत की जनगणना जैसे विश्व के सबसे बड़े अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। वहीं विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक वैश्विक उत्सव है। यह दिन पांच अरब का दिन (11 जुलाई 1987) की याद में मनाया जाता है, जब दुनिया की आबादी पांच अरब लोगों की हो गई थी। भारत में आजादी के समय कुल जनसंख्या 33 करोड़ थी जो 2011 की जनगणना के मुताबिक बढकर 125 करोड़ पहुंच गई थी। यूएन के अनुमानों के अनुसार, वर्तमान में भारत की जनसंख्या 146.39 करोड़ है। आने वाले दशकों में ये आंकड़ा करीब 1.70 अरब तक जाएगा और फिर लगभग 40 साल बाद गिरावट शुरू होगी। भारत की युवा जनसंख्या अब भी महत्वपूर्ण बनी हुई है, जिसमें 0-14 वर्ष उम्र वर्ग में 24 प्रतिशत, 10-19 वर्ष उम्र वर्ग में 17 प्रतिशत तथा 10-24 उम्र वर्ग में 26 प्रतिशत युवा हैं। देश की 68 प्रतिशत जनसंख्या कामकाजी उम्र (15-64 वर्ष वर्ग) वाली है।

भारत की 65 फीसदी युवा आबादी जहां भारत का संबल है तो वहीं देश में बढ़ती बेरोजगारी जैसी बड़ी चुनौती का पर्याय भी है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के अनुसार मई-2025 में भारत में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत थी। आज भारत में बड़ी संख्या में शिक्षित युवा वर्ग बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। बढ़ती जनसंख्या से प्रवासियों का एक राज्य से दूसरे राज्यों को पलायन बढ़ा है जो रोजगार को लेकर अब आपसी संघर्ष में बदल रहा है और इसका राजनीतिक लाभ के लिए भी इस्तेमाल हो रहा है। बड़े शहरों में रेहड़ी फड़ी की बढ़ती भीड़ से सडकों, गलियों में अतिक्रमण बढ़ने से ट्रैफिक जाम की समस्याएं खड़ी हो रही हैं। इस बार विश्व जनसंख्या दिवस 2025 की थीम है, युवा वर्ग को ऐसा समर्थ बनाना, जहां वे निष्पक्ष और आशाजनक दुनिया में अपने मनचाहे परिवार की रचना कर सकें। इससे अभिप्राय है कि युवा वर्ग को अपना भविष्य बनाने में मदद करना है, कि कब परिवार शुरू करें, कितने बच्चे हों और कैसे स्वस्थ माहौल में जियें। अस्सी के दशक से हम सभी ह्लहम दो हमारे दोह्व का नारा सुनते आए हैं। लेकिन अब हम दो हमारे दो के बाद नई पीढ़ी के नौजवान हम दो हमारा एक की नीति पर चल पड़े हैं, जिससे धीरे धीरे जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम स्वतः गति पकड़ रहा है। लेकिन इसको लेकर केवल मध्यमवर्गीय शिक्षित युवा पीढ़ी ही गंभीर है, वर्ना अधिकांश अशिक्षित या अर्द्धशिक्षित वर्ग के लोग अभी भी तीन से चार बच्चों के साथ परिवार नियोजन की मांग की धज्जियां उड़ाते नजर आते हैं। यही कारण है कि बढ़ती आबादी के चलते भारत, विश्व की चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बनने के बावजूद विकासशील देशों की कतार में खड़ा है। भारत की बढ़ती जनसंख्या का असर वैश्विक भूख सूचकांक-2025 (ग्लोबल हंगर इंडेक्स) की रिपोर्ट में भी देखा जा सकता है, जिसमें 127 देशों की सूची में भारत 105वें स्थान पर है। 2024 के इंडेक्स में भारत का स्कोर 27.3 था, जो गंभीर श्रेणी में आता है। विशेषज्ञों ने इसके लिए नीतियों के खराब कार्यान्वयन, प्रक्रियाओं में प्रभावी निगरानी की कमी, कुपोषण से निपटने का उदासीन दृष्टिकोण और बड़े राज्यों के खराब प्रदर्शन को दोषी ठहराया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 14 फीसदी आबादी कुपोषण की शिकार है। बढ़ती आबादी के पीछे अशिक्षा, अंधविश्वास, परिवार नियोजन के तौर-तरीकों में जागरूकता का अभाव और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही जैसे बुनियादी कारण हैं।

ऐसा अनुमान है कि जनसंख्या वृद्धि के कारण नई पीढ़ी को भविष्य में बुनियादी जरूरतों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ेगा। आज भी भारतीयों को बेरोजगारी, स्वास्थ्य संकट, भुखमरी, चिकित्सा सुविधाओं, कुपोषण, स्वच्छ पेयजल की कमी, अच्छी शिक्षा, बिजली-पानी के संकट और गरीबी से बुरी तरह से जूझना पड़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या के कारण बेरोजगारी में वृद्धि, प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव, शहरीकरण और झुग्गियों का विस्तार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर बोझ और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याओं में भी इजाफा हो रहा है। इसके अलावा ग्रामीण आवास की समस्या, गंदा पानी और कूड़ा कचरा जैसी समस्याएं अलग से मुंह बाए खड़ी हैं। यदि समय रहते सरकारों ने आने वाली पीढ़ियों को सुंदर एवं सुखी जीवन देने के लिए अभी से प्रयास शुरू नहीं किए तो भविष्य में भावी पीढ़ियों के समक्ष आपसी संघर्ष की परिस्थितियां निर्मित होना तय है। इसके साथ ही जनसंख्या नियंत्रण के अभाव में देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

यह वक्त का तकाजा है कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनसंख्या वृद्धि से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने के लिए एक सर्व स्वीकार्य कार्यक्रम सामने लेकर आएं ताकि भारतीय लोग परिवार नियोजन को स्वेच्छा से अपनाकर देश को आने वाली पीढियों के लिए रहने लायक बनाने की दिशा में अपना योगदान दे सकें। सही तरीके से गर्भनिरोधक उपायों, गर्भपात, बन्ध्यीकरण, एकल बच्चा पैदा करने की नीति और परिवार नियोजन आदि उपायों से ही जनसंख्या वृद्धि को रोका जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत अब एक बेटी के बाद परिवार नियोजन अपनाने वाले परिवार को दो लाख रुपए मिलेंगे, वहीं दो बेटियों के बाद परिवार नियोजन अपनाने पर अब एक लाख रुपए मिलेंगे। आईए इस 11 जुलाई, 2025 को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हम एक ऐसे भारत की कल्पना करें जहां हर व्यक्ति को बेहतरीन जीवनशैली की सुविधाएं, उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, श्रेष्ठ शिक्षा उपलब्ध हो, जहां मानवीय अधिकारों का सम्मान हो और राष्ट्र का सतत एवं सर्वांगीण विकास हो।

# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी

> यमुनोत्री में एक तरफ 5 किलोमीटर यानी टोटल 10 किलोमीटर की यात्रा है और केदारनाथ में दोनों तरफ की मिलाकर 32 किलोमीटर की बेहद चुनौतीपूर्ण यात्रा है। यदि यहां आपके पास अच्छे जूते व साधन नही हैं तो बहुत परेशानी हो जाती है। अधिक ठंड के कारण अधिक वजन व सांस की तकलीफ वाले लोगों को अधिक एहतियात रखने की जरूरत होती है। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी किट भी होना अनिवार्य है।जैसा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के लिए अलग-अलग स्थिति मानी जाती है। बद्रीनाथ और गंगोत्री की यात्रा की ज्यादा कठिन नहीं मानी जाती और कहा जाता है जो लोग आयु व स्वास्थ्य के चलते चार धाम नहीं कर सकते वह यह दोनों धाम जा सकते हैं चूंकि यह बद्रीनाथ व केदारनाथ से सरल यात्रा है। केदारनाथ व बद्रीनाथ की यात्रा बहुत कठिन मानी जाती है।

**योगेश कुमार सोनी**

**चारधाम** की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। हर वर्ष की भांति इस बार रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक कई श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं। हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है?

चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर काम करने के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा यहां चढ़ाई के दौरान भी जगह-जगह कैंप लगाए जाने चाहिए। वहां भीड़ बढ़ने के अफरातफरी भी हो जाती है जिससे जान का खतरा हमेशा बना रहता है। कुछ दिन पहले वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में भीड़ ज्यादा होने के कारण अफरातफरी मच गई थी ओर लोगों की जान चली गई थी। हर वर्ष कई भक्तों को बिना वजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है। दरअसल समस्या जो सामने आ रही है वह यह है कि जितने भी पुराने मंदिर व तीर्थस्थल हैं वह समय के साथ अपडेट व अपग्रेड नहीं हुए। पहले जनसंख्या कम थी तो काम चल जाता था लेकिन अब भक्तों की संख्या बहुत बढ़ी और लगातार बढ़ती जा रही है। जगह उतनी-सी है और श्रद्धालु बढ़ते चले गए। बीते वर्ष 2022 में केदारनाथ यात्रा स्थानीय व्यवसायियों के लिए काफी बेहतर रही थी सिर्फ यात्रा के टिकट, घोड़ा खच्चरों और हेली और डंडी कंडी के यात्रा भाड़े की बात करें तो लगभग 200 करोड़ के आस-पास का कारोबार किया था। केदारनाथ धाम इस बार घोड़े खच्चर व्यवसायियों ने करीब 1 अरब 9 करोड़ 28 लाख रुपए का रिकॉर्ड कारोबार किया था जिससे सरकार को भी 8 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ था और बीते वर्ष 2023 में इससे भी ज्यादा कारोबार हुआ था। उत्तराखंड सरकार को चारधाम यात्रा से हर वर्ष बड़ा मुनाफा होता लेकिन फिर भी यहां सुगमता उतनी बेहतर नहीं है जितना मानी जाती है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि हर वर्ष कई श्रद्धालु मारे जाते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यदि वहां उतनी सुविधा नही हैं जितनी आवश्यकता है। बताया जाता है कि चारधाम में कुछ जगह ऐसी जहां सांस की तकलीफ हो जाती है जिसको कवर अप करने के लिए वहां सुविधा नहीं मिल पाती और यदि थोड़ी बहुत है भी तो बेहद सीमित लोगों के लिए हैं जिससे हर किसी को जल्दी सुविधा नहीं मिलती और कुछ लोग सुविधा के अभाव में अपनी जान गंवा बैठते हैं। यदि ऐसा कभी-कभी हो तो ठीक है लेकिन हर बार ऐसा होना पीड़ाजनक है। वहां से आए श्रद्धालु ने बताया कि चारों धामों में केदारनाथ और यमुनोत्री धाम ऐसे हैं जहां पर पैदल ट्रैक करना पड़ता है। यमुनोत्री में एक तरफ 5 किलोमीटर यानी टोटल 10 किलोमीटर की यात्रा है और केदारनाथ में दोनों तरफ की मिलाकर 32 किलोमीटर की बेहद चुनौतीपूर्ण यात्रा है। यदि यहां आपके पास अच्छे जूते व साधन नही हैं तो बहुत परेशानी हो जाती है। अधिक ठंड के कारण अधिक वजन व सांस की तकलीफ वाले लोगों को अधिक एहतियात रखने की जरूरत होती है। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी किट भी होना अनिवार्य है।जैसा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के लिए अलग-अलग स्थिति मानी जाती है। बद्रीनाथ और गंगोत्री की यात्रा की ज्यादा कठिन नहीं मानी जाती और कहा जाता है जो लोग आयु व स्वास्थ्य के चलते चार धाम नहीं कर सकते वह यह दोनों धाम जा सकते हैं चूंकि यह बद्रीनाथ व केदारनाथ से सरल यात्रा है। केदारनाथ व बद्रीनाथ की यात्रा बहुत कठिन मानी जाती है।

# सखा

**डॉ. ज्ञानानंददास स्वामी**

मित्र या दोस्त शब्द सुनते ही हमारा मन यादों, संवेदनाओं और खुशी से भर जाता है और तत्काल ही मन में सबसे करीबी व्यक्ति की छवि मुखरित हो उठती है किंतु सच्चा सखा वह नहीं जो केवल सुख के समय साथ हो, हंसी-ठिठोली में सहभागी बने या समय काटने का साधन मात्र हो; सच्चा सखा वह होता है जो ह्दय की गहराइयों को बिना कहे समझ ले, संकट की घड़ी में पतवार बन जाए और जीवन यात्रा में दीपक की भांति मार्ग को आलोकित करे। वह न तो चाटुकार होता है, न आलोचक; न हां में हां मिलाता है, न केवल टोकता है,बल्कि वह ऐसा प्रतिबिंब होता है जो तुम्हें तुम्हारे सबसे प्रामाणिक रूप से परिचित कराता है। ऐसे सखा का होना सौभाग्य नहीं, बल्कि भगवान की सबसे मूल्यवान कृपा है। भगवीता में भगवान कृष्ण स्वयं अर्जुन को अनेक बार ,सखा' कह कर संबोधित कर रहे हैं। यह संबोधन मात्र सामाजिक संबंधों का संकेत नहीं देता, बल्कि गहन आध्यात्मिक योग्यता और आत्मीयता को भी प्रकट करता है। भगवान कृष्ण स्पष्ट करते हैं कि ऐसा रहस्य, जो साधारण जन को सुलभ नहीं,केवल उस व्यक्ति को बताया जा सकता है जो मित्रता और निष्कपट भक्ति के गुणों से युक्त हो। अर्जुन न केवल कृष्ण का पार्थिव मित्र है, बल्कि ऐसा साधक है, जो प्रश्न करता है, जिज्ञासा करता है और समर्पण करता है। ये गुण उसे वह पात्रता प्रदान करते हैं कि भगवान स्वयं उसे परम ज्ञान और विज्ञान प्रदान करें। जब कोई व्यक्ति अपने भीतर के अहंकार, ईर्ष्या, संशय और स्वार्थ को त्याग देता है, तभी वह ,अनसूय' बनता है और वही स्थिति उस अंतिम रहस्य की पात्रता बनाती है जो स्वयं भगवान प्रदान करने वाले हैं। महंत स्वामी महाराज बताते हैं कि यहां गीता का यह सखा- संवाद इस उपदेश को अधिक पारदर्शी, सहज और प्रभावकारी बनाता है। इसमें गहनतम जीवन रहस्य आलोकित हुए हैं। अर्जुन के साथ कृष्ण का संवाद केवल युद्ध भूमि पर दिया गया उपदेश नहीं है, बल्कि यह जीवात्मा और परमात्मा के मध्य हुआ मित्रता का ऐसा संवाद है जो युगों से मानवता को प्रेरणा दे रहा है।

## आपके पत्र

### अंधविश्वास के नाम पर हत्या कितनी जायज?

अंतरिक्ष तक सफर करने वाले भारत में आज भी लोग अंधविश्वास में जकड़े हुए हैं। चांद और सूरज तक अपने सामर्थ्य का डंका बजाने वाले इस भारत में डायन प्रथा के होने की सामूहिक पुष्टि का जीता जागता उदाहरण बिहार के पूर्णिया जिले में घटित घटना है। इसकी कल्पना मात्र से निष्ठुर व्यक्ति का भी दिल पसीज गया है। देश में सिलसिलेवार अनेक तरह की घटनाएं हो रही हैं। उनकी कल्पना मात्र से रौंगटे खड़े हो जाते हैं। पूर्णिया जिले में डायन बताकर पांच लोगों को जिंदा जला दिया गया और हमारा मूकदर्शक समाज गूंगा और बहरा बनकर तमाशा देखता रहा।

गांव के 200 लोगों के अंधविश्वास के कारण तीन महिलाओं और दो पुरुषों को मार दिया गया और साक्ष्य मिटाने के लिए जिंदा जला दिया गया। यह दर्दनाक मंजर वर्तमान समाज की वास्तविकता का चित्रण करता है।

**ज्योति वर्मा**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज IN ब्रीफ

## स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल : उपायुक्त



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में बुधवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह 2025 को लेकर तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुएउपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में माननीय राज्यपाल मुख्य अतिथि होंगे, जो पूर्वाह्न 9:00 बजे पुलिस लाइन, दुमका में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी तैयारियाँ समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने मंच पर प्रोटोकॉल के अनुसार बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने, नगर की साफ-सफाई एवं साज-सज्जा को प्राथमिकता देने तथा चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई सुनिश्चित करने को कहा।

पुलिस लाइन में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शहर को पूर्णतः स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाए।

परेड मैदान में जलजमाव की समस्या न हो, इसके लिए मैदान को समतल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रेस प्रतिनिधियों एवं आमजन की बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, बायो-टॉयलेट, अग्निशमन वाहन की तैनाती सहित अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए।

बैठक में जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारी,संबंधित विभाग के अधिकारी एवं सिविल सोसायटी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लंबित मामलों का निपटारा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजें : एसडीपीओ



**साहिबगंज :** बढ़ते अपराध को लगाम लगाने एवं थानों में हुई दर्ज मामलों की समीक्षा के लिए एसडीपीओ किशोर तिर्की ने अपने लंबित पड़े मामले को जल्द से जल्द निपटारा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजें।किया।जिसमें नगर थाना जिरवाबाडी मुफस्सिल मिजाचौकी थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए। एसडीपीओ ने बीते माह में हुई घटना दुर्घटना थाने में मामले दर्ज कांडों की समीक्षा की और जल्द से जल्द सभी लंबित पडे.मामला का अनुसंधान करने का निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिया। उन्होंने कहा कि लंबित पड़े मामले को जल्द से जल्द निपटारा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजें।उन्होंने कहा कि अभी हाल के ही महीनों में कुछ चोरी गृह भेदन के मामले हुए हैं। इस पर थाना प्रभारी द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।जल्द से जल्द गृह भेदन जैसे मामला का अनुसंधान करें। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में रात्रि गश्ती करने का निदेश दिया। सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र के मोबाइल टाइगर के जवानों को यह निर्देश दे की पूरे क्षेत्र में लगातार गश्ती करते रहें हर गली हर चौक चौराहों पर शरारती तत्वों पर नजर बनाए रखें। मौके पर नगर थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता ,मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार,जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह, मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश यादव सहित व आहतू थाना प्रभारी अरुण कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## लाठी डंडा से पीटकर किया घायल

**साहिबगंज :** गंगा नदी थाना क्षेत्र के घिशु टोला गोपालपुर निवासी शंभु चौधरी को बगल रहने वाले एक युवक ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही घायल शंभु चौधरी व स्वजनों इस मामले की शिकायत करने के लिए गंगा नदी थाना पहुंचे।जहां गंगा नदी थाना पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घायल शंभु चौधरी ने बताया कि काम करके खाना खाने अपने घर आया था। बगल के रहने वाले चरितार सिंह आया और मारपीट करना शुरू कर दिया कुछ समझ पाते लाठी डंडा से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## चाकू बाजी मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार

**साहिबगंज :** नगर थाना पुलिस ने पुरानी साहिबगंज में हुए मारपीट हुआ चाकू बाजी मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते दिन पहले पुरानी साहिबगंज की घटना घटित हुई थी।जिसमें मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान किया गया। छापेमारी करते हुए कुमार टोली निवासी उदय गोंड व जितेंद्र स्वर्णकार को गिरफ्तार किया गया है पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

## दो ट्रैक्टर चोरी मामले में गया से दो आरोपी गिरफ्तार

विश्रामपुर : पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार जिले के ऊंटारी रोड थाने की पुलिस ने नौ माह पहले चोरी गई ट्रैक्टर के मामले में दो आरोपियों को बिहार के गया जिले के शेरघाटी व मगध मेडिकल कॉलेज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बुधवार को भेज दिया है। दो अन्य आरोपी अभी पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं। ऊंटारी के थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि नवंबर 2024 में एक सप्ताह के भीतर भीतिहारा गांव के रणजीत चंद्रवंशी व डेवडर के सुदामा राम का ट्रैक्टर चोरी कर ली गई थी। ट्रैक्टर चोरी कर ले जाने के क्रम में छतरपुर के निकट तेल खत्म गया था।चोरों ने अपने मोबाइल फोन से भुगतान कर से पेट्रोल पंप पर डीजल लिया था। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंच गई। इस मामले में चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी हुई है।

# सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक रक्त रोग है : डॉ सुनील कुमार सिंह

आलोक रंजन

**दुमका :** जिले के जरमुंडी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह ने एक भेंट में कहा कि सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक रक्त रोग है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं असामान्य रूप से हंसिए जैसा आकार ले लेती है. अनियमित आकार की ये कोशिकाएं रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध कर कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं पैदा कर सकती है. उन्होंने कहा कि हमारे देश में आदिवासी आबादी इस रोग से विशेष रूप से ग्रसित हैं हालांकि यह रोग गैर -आदिवासियों में भी होता है. इस बीमारी से निजात दिलाने की दिशा में झारखंड सरकार समुचित कदम उठा रही है. झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग सिकल सेल रोग के प्रति जन जागरूकता फैलाने फैलाने का काम कर रही है ताकि इस बीमारी के प्रति लोगों की समझ बढ़ सके. प्रभारी चिकित्सा



पदाधिकारी डॉ. सुनील ने आगे बताया कि सिकल सेल रोग एक आनुवांशिक रक्त रोग है. इसे सिकल सेल एनीमिया के नाम से भी जाना जाता है. यह वंशानुगत लाल रक्त कोशिका विकारों का एक समूह है जो हीमोग्लोबिन को प्रभावित करता है. इस रोग में अनुवांशिक उत्परिवर्तन के द्वारा लाल रक्त कोशिकाएं अपने सामान्य गोल आकार के बजाय सिकल या अर्ध चंद्राकर आकार धारण कर लेती है. सामान्यतः लाल रक्त कोशिकाएं आकार में डिस्क के समान तथा रक्त वाहिकाओं में आसानी से प्रभावित होने के लिए पर्याप्त लचीली होती है. सिकल सेल रोग से पीड़ित व्यक्ति की लाल रक्त कोशिकाएं अर्धचंद्राकर या सिकल आकार की होती है. इस कारण ये कोशिकाएं आसानी से मुड़ती या हिलती नहीं है. जिस कारण रोगी के शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है. सिकल सेल रोग के कारण शरीर में हुए अवरुद्ध रक्त प्रवाह के कारण गंभीर समस्याएं हो सकती है. जिन में स्ट्रोक, आंखों की समस्याएं, संक्रमण और शारीरिक दर्द जैसी समस्याएं शामिल हैं. सिकल सेल रोग के लक्षण के बारे में इंचार्ज मेडिकल अफसर डॉ. सुनील ने आगे बताया कि सिकल सेल रोग के लक्षण आमतौर पर एक ऐसे रोगी में देखे जाते हैं जो अपनी उम्र के 6 महीने से ऊपर हैं. इनके कई लक्षण हैं जैसे:- थकान, चिड़चिड़ापन, रक्त अल्पता, उतावलापन, बिस्तर गीला, पीलिया, हाथ और पैरों में सूजन और दर्द, संक्रमण, सीने में दर्द, पीठ दर्द, पैर या हाथ दर्द सिकल सेल रोग के प्रमुख लक्षण हैं.

## स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर में प्रबंधन समिति का पुनर्गठन



संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद उच्च विद्यालय श्रीधर में बुधवार को राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति की पुनर्गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई.बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,बुद्धिजीवी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे.इस दौरान विधायक ने विद्यालय के पठन-पाठन से जुड़ी समस्या,शिक्षक एवं शिक्षकोंत्तर कर्मियों की उपस्थिति से संबंधित जानकारी ली गई.इस दौरान छात्रों को उच्च स्तरीय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने पर चर्चा किया.विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि राजमहल विधानसभा अंतर्गत सभी विद्यालयों में छात्रों को उच्च एवं गुणवत्ता शिक्षा दिलाना उनकी प्राथमिकता है.कहा कि उधवा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अतिरिक्त क्लासरूम बनाने का कार्य चल रहा है। आगे भी विद्यालयों की मांगानुसार कार्य जाएगा।साथ ही विद्यालय के विकास से जुड़े चर्च की गई।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गौरचंद्र मंडल,श्रीधर पंचायत के मुखिया तमाल मंडल,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बबुआ,ग णेश कीर्तनिया, एखलाकुर रहमान,गणेश चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

## इंजीनियरिंग विभाग रेल आवास के मरम्मती काम को अनदेखी कर रहा है : चिरंजीत

संवाददाता

**साहिबगंज :** ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद शर्मा के नेतृत्व में पूरे स्टेशन रेलवे जोन में हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया.रेलवे स्टेशन परिसर में मालदा मंडल से आए हुए केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रिबन दास एवं केंद्रीय महासचिव चिरंजीत चटर्जी के नेतृत्व में हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया।वही हल्ला बोल कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव चिरंजीत चटर्जी ने कहा कि विभिन्न विभाग साहिबगंज कर्मचारियों की समस्या केंद्र को मिल रहा खास करके इंजीनियरिंग विभाग के अफसर द्वारा प्रतारित किया जा रहा है। इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा रेल आवास के मरम्मती काम को अनदेखी किया जा रहा है.श्री चटर्जी ने कहा की अगर इंजीनियरिंग विभाग का रवैया नहीं



सुधरा तो आगे आरएमसी बड़े आंदोलन करने में बाध्य होगा.मौके पर मालदा आरएमसी शाखा के उपाध्यक्ष आकाश कुमार मोहम्मद मुस्तफा पीयूष कुमार सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

मुख्य मांगे

रेलवे बोर्ड का आदेश रेल प्रशासन द्वारा उल्लंघन किया जा रहा है,जल्द से जल्द पुराना पेंशन नीति को बहाल करना, महिला रेल कर्मचारियों के लिए मूलभूत सुविधा का उपलब्ध करना, रेलवे में अफसर शाही खत्म करना,साहिबगंज में रेल अफसर द्वारा रेल अफसर के घरों में काम करना बंद हो, रेल कर्मचारियों का विभिन्न भागों के कार्यरत के बकाया राशि अभिलंब भुगतान करना।

## पहचान दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं

संवाददाता

**साहिबगंज :** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नेशनल बूथ लेवल ट्रेनिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 08 जुलाई, 2025 को 02-बोरियो अनु0ज0जा0 विधानसभा क्षेत्र के तहत मंडरो प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 01 से 35 तक के बूथ लेवल ऑफिसर्स बीएलओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम प्रखण्ड कार्यालय मंडरो के सभा कक्ष में आयोजित हुआ।जिसका उद्घाटन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मंडरो -सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी श्री मेघनाथ उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगठित और निष्पक्ष तरीके से




संपन्न कराने हेतु बीएलओ को आवश्यक तकनीकी एवं प्रक्रियागत जानकारी प्रदान करना था।प्रशिक्षण में बीएलओ को निम्नलिखित विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। जिसमें मतदाता सूची का पुनरीक्षण,नामांकन में सुधार की प्रक्रिया, मतदाता सूची में स्वच्छ, समावेशी एवं त्रुटि रहित सुधार, मृत,दोहराव मतदाताओं की पहचान,दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएं।ई-ईपिक डाउनलोड प्रक्रिया ,निर्वाचन से संबंधित तकनीकी पहलुओं की जानकारीइस अवसर पर प्रशिक्षण टीम द्वारा बीएलओ की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया ।उन्हें आगामी कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।प्रशिक्षक के रूप में मास्टर ट्रेनर धीरेंद्र कुमार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उज्जवल कुमार साह उपस्थित थे।

## श्रावणी मेला में खामियां दिखने पर क्यूआर कोड स्कैन कर करें शिकायत, त्वरित होगा समस्या का निराकरण

संवाददाता

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और उनकी आवश्यकता पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि देवतुल्य श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी से एक अच्छी अनुभूति प्राप्त कर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के अनुरूप विभिन्न नई तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इस कड़ी में मेला क्षेत्र में अक उऌअळइडळ के माध्यम से श्रद्धालु मेला क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न आवश्यक जानकारी के साथ मार्ग मानचित्र, यातायात सहायता, आपातकालीन सेवा, ऑपरेटर से सम्पर्क, दिशा निर्देश, ठहरने की सुविधा, लाइव अपडेट्स एवं खोया एवं पाया उपरोक्त से संबंधित सुविधा पाने के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करने की आवश्यकता है।

इसके अलावा श्रावणी मेला के दौरान मेला क्षेत्र में असुविधा या कमी दिखने पर क्यू आर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं, जिसके पश्चात 15 मिनट में समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही समस्या के मोनेटरिंग हेतु कंट्रोल रूम में एक विशेष सेल बनाया गया है, ताकि मानीटर पर समस्या दिखते ही उस पर तत्काल कार्य करते हुए समस्या का समाधान किया जा सके। इसके अलावा शौचालय, पानी, होल्डिंग प्वाइंट, प्रशासनिक शिविर और स्वास्थ्य शिविर में सुविधा नहीं मिल रही है। साफ-सफाई नहीं है या आप सुविधा से असंतुष्ट हैं अथवा कोई सुधार चाहते हैं या कांवरिया रूटलाइन या होल्डिंग प्वाइंट पर परेशानी है तो तत्काल उस जगह लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर तस्वीर के साथ समस्या को साझा कर सकते हैं। इस सुविधा हेतु बारकोड स्कैन करते ही गूगल पेपर खुलेगा। उसमें शिकायत करने का ऑप्शन आएगा। शिकायत भरने के बाद जरूरत हो तो तस्वीर भी साझा कर दें। आपकी ओर से किया गया शिकायत और अपलोड किया गया फोटो कंट्रोल रूम के सिस्टम में डाउनलोड होते ही उस पर संबंधित विभाग को टैग कर उसके समाधान का निर्देश दे दिया जाएगा, जिसके पश्चात मेला में प्रतिनियुक्त टीम वहां पहुंच जाएगी। सिस्टम को इस तरह विकसित किया गया है कि 15 मिनट में समस्या का समाधान हो जाना है, ताकि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

## शिवलोक परिसर से भव्य ड्रोन शो का होगा शुभारंभ



**देवघर :** राजकीय श्रावणी मेला, 2025 को लेकर तैयारियां भी विश्वस्तरीय हो रही हैं। साथ ही मेले की भव्यता और दिव्यता के अनुरूप श्रद्धालुओं को कई नए और अनोखे अनुभव भी प्राप्त होंगे। इसी क्रम में पर्यटन विभाग श्रावणी मेले के अवसर पर पहली बार ड्रोन शो कराने जा रहा है। साथ ही बाबा मंदिर की परिधि से पांच किलोमीटर तक के दायरे में ये अद्भुत नजारा श्रद्धालुओं को शाम 08 बजे के बाद आकाश में देखने को मिलेगा। इसके अलावा जहां एक ओर लेजर लाइट शो और लाइट एंड साउंड शो जैसी गतिविधियों का आयोजन होगा, वहीं दूसरी ओर राजकीय श्रावणी मेला में पहली बार ड्रोन शो का भी आयोजन किया जा रहा है।

## जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रमंडल स्तरीय 64 वीं सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता खेलने के लिए जिला साहिबगंज की टीम को जिला शिक्षा अधीक्षक- सह- अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार हर्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।ज्ञात हो कि कल से संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता अंडर 17 बालक वर्ग का आयोजन दुमका दुधानी मैदान में किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए आज साहिबगंज की अंडर 17 बालक वर्ग की टीम को पूरे दम खम के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक- सह -अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी कुमार! हर्ष ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीम मैनेजर के रूप में दीपक कुमार सिंह और कमल नयन के नेतृत्व में टीम रवाना हुई।पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए मौके पर एपीओ शबनम तबस्सुम,शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार आदित्य कुमार आदि मौजूद थे।

## योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रखंड स्तर पर कृषक मित्रों को सर्वेयर का प्रशिक्षण दिया जाना है

संवाददाता

**साहिबगंज :** आत्मा सभागार साहिबगंज में डीसीएस हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया किया गया क प्रशिक्षण का शुभारम्भ जिला कृषि पदाधिकारी -सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, साहिबगंज श्री प्रमोद एक्का के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया क प्रशिक्षण में साहेबगंज जिला के सभी प्रखंडों में कार्यरत प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधकों ने भाग लिया क इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य खेत में लगे फसलों का डी के रूप में सर्वे करना है।ताकि दिए गए योजना का अच्छे से क्रियान्वयन हो सके।साथ ही समय की बचत हो, आच्छादन का सटीक प्रतिवेदन एवं एकीकृत



एम एसपी का निर्धारण किया जा सके क विदित हो कि डीसीएस तकनीकी रिमोट सेंसिंग एवं ए.आई. के माध्यम से जानकारी एकत्रित कर सही समय और सटीक जगह की जानकारी देता है क इसके माध्यम से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कसीसी ,पीएम-के आईएसएएएन एवं ई-एनएएम के किसानों का सही डाटा की जानकारी एवं किसानों को उक्त योजना का सही लाभ प्रदान करने में लाभकारी होगा कउप परियोजना निदेशक, आत्मा, साहिबगंज के द्वारा सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक को बताया कि उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन करने हेतु प्रखंड स्तर पर कृषक मित्रों को सर्वेयर का प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि योजना का लाभ अधिकाधिक किसानों को मिल सके क पंजीकृत कृषक मित्रों के अलावा पंचायत स्तरीय जागरूक युवा कृषक जिसके पास एनडोराईड मोबाइल हो मोबाईल चलाने में दक्षता प्राप्त हो वे भी सर्वेयर के रूप में कार्य कर सकते है क इसके लिए सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने का प्रावधान है कप्रशिक्षण में जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, जिला योजना व मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, बीटीएम, एटीएम एवं आत्मा साहेबगंज के कर्मचारियों ने भाग लिया।





# संगीता बिजलानी की बर्थडे पार्टी में स्वैग से पहुंचे सलमान खान, एक्स-गर्लफ्रेंड संग दिए जबरदस्त पोज

**बॉलीवुड की** जानी-मानी एक्ट्रेस संगीता बिजलानी ने 9 जुलाई को अपना 65वां बर्थडे मनाया। इस खास मौके पर उन्होंने एक शानदार बर्थडे पार्टी का आयोजन किया, जिसमें फिल्मी जगत की कई मशहूर हस्तियों ने शिरकत की। इनमें सबसे ज्यादा ध्यान खींचा सलमान खान की मौजूदगी ने, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया परअब खूब वायरल हो रही हैं।


**स्टाइलिश लुक में पहुंचे सलमान खानः** बर्थडे पार्टी में सलमान खान की एंट्री बेहद चर्चित रही। वह ब्लैक कलर की फिटेड टी-शर्ट और डेनिम जीन्स में पहुंचे। हमेशा की तरह स्टाइलिश और कूल नजर आ रहे सलमान के साथ उनके सिक्योरिटी गार्ड्स की एक लंबी टीम भी मौजूद थी। पार्टी में उनकी मौजूदगी ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा।

**संगीता बिजलानी का ग्लैमरस अंदाजः** दूसरी तरफ 65 साल की संगीता बिजलानी का बर्थडे में बेहद ग्लैमरस और खूबसूरती भरा अंदाज देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने व्हाइट टॉप और शिमरी मिनी स्कर्ट पहनी। हाथ में केक पकड़े हुए संगीता कैमरे के सामने मुस्कुराती नजर आईं। उनका ये ग्लैमरस अवतार देखकर फैंस और मीडिया दोनों ही हैरान रह गए।

**सलमान और संगीता की साथ में झलकः** पार्टी की एक खास झलक तब सामने आई जब एक्स कपल संगीता बिजलानी और सलमान खान ने साथ में कैमरे के लिए पोज दिए। दोनों के चेहरे पर प्यारी मुस्कान दिखी और उनके बीच की पुरानी दोस्ती की झलक दिखाई दी।

# जनता ने कहा, इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की अब तक की सबसे बेहतरीन परफॉर्मेंस

**बॉलीवुड** अभिनेता अभिषेक बच्चन अपनी फिल्म कालीधर लापता को दर्शकों से मिल रही प्रतिक्रिया से अभिभूत हैं। अभिषेक बच्चन की फिल्म कालीधर लापता जी 5 पर चार जुलाई को रिलीज हुई है। फिल्म में अभिषेक के अभिनय को दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। इसे आईएमडीबी पर 8.3/10 की रेटिंग मिली है। फिल्म की भावुक कहानी अभिषेक बच्चन पर केंद्रित है। कई लोगों का कहना है कि इस फिल्म में उन्होंने अपने जीवन की सबसे अच्छी परफॉर्मेंस दी है।



अभिषेक बच्चन ने दर्शकों से मिल रही बेहतरीन प्रतिक्रिया के बारे में कहा,द्यद्यलोग इस फिल्म के साथ कितनी गहराई से जुड़े हैं, यह देखकर बहुत अच्छा लगा। मेरा झुकाव हमेशा से ऐसी कहानियों की ओर है, जो जमीन से जुड़ी एवं ईमानदार होती हैं। मैं उन किरदारों की ओर आकर्षित होता हूं, जो वास्तविक लोगों से जुड़े होते हैं, न कि आदर्श नायकों से। कालीधर को मिल रहे प्यार ने दिल को छू लिया है। मुझे कई लोगों ने कहा कि यह फिल्म देखकर वो बहुत भावुक हो गए। उन्हें जीवन को पूरी तरह से जीने और जीवन की उन छोटी-छोटी खुशियों को महसूस करने की प्रेरणा मिली, जो अकसर नजरंदाज हो जाती हैं। मेरा मानना है कि यही मेरी असली जीत है कि लोगों से रुककर विचार किया, महसूस किया खासकर हमारे व्यस्त जीवन के बीच में।

## ऋतिक रोशन की वॉर 2 की शूटिंग पूरी, 4 अगस्त को सिनेमाघरों में होगी



**बॉलीवुड** के एक्शन स्टार ऋतिक रोशन फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी होने पर भावुक हो गए। ऋतिक रोशन इन दिनों आने वाली फिल्म वॉर 2 को लेकर चर्चा में हैं। ऋतिक रोशन ने बताया कि फिल्म वॉर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। ऋतिक रोशन ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह वॉर 2 की पूरी टीम के साथ केक काटते नजर आ रहे हैं। ऋतिक ने कैप्शन में लिखा, 149 दिन का एक्शन, डांस, पसीना, खून, चोटें और मेहनत और ये सब इसके लायक था।

ऋतिक ने लिखा कि जूनियर एनटीआर के साथ काम करना सम्मान की बात रही, वहीं, कियारा आडवाणी के बारे में उन्होंने कहा आपका घातक पक्ष दुनिया को दिखाने का इंतजार नहीं हो रहा। उन्होंने निर्देशक अयान मुखर्जी को भी धन्यवाद कहा और कहा कि इस फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने की यात्रा अब शुरू हो चुकी है। ऋतिक ने बताया कि वॉर 2 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 44 की करीना ने मोनोकनी में पहनकर बढ़ाया मौसम का पारा



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस करीना कपूर खान अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपनी फिटनेस को लेकर चर्चा में हैं। करीना इन दिनों पति सैफ अली खान और दोनों बेटों के साथ वेकेशन पर हैं। अब अपनी वेकेशन ट्रिप से करीना ने कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो चर्चा में हैं।


गौरतलब है कि करीना कपूर खान 2 बच्चों की मां है,लेकिन उनका कर्वी फिगर इन फोटोज में उनकी उम्र को मात देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर फैंस को करीना कपूर की फिल्म टशन की याद आ गई । इस फिल्म से करीना कपूर का जीरो फिगर वायरल हुआ था। तब हर लड़की करीना कपूर की तरफ जीरो फिगर बनाना चाहती थी। 2008 में आई फिल्म टशन में करीना कपूर ने ऐसे ही बीच पर बिकिनी पहनकर हॉट लुक दिए थे।

> **गौरतलब है कि करीना कपूर खान 2 बच्चों की मां है,लेकिन उनका कर्वी फिगर इन फोटोज में उनकी उम्र को मात देती नजर आ रही हैं। इन तस्वीरों को देखकर फैंस को करीना कपूर की फिल्म टशन की याद आ गई । इस फिल्म से करीना कपूर का जीरो फिगर वायरल हुआ था।**

# पायल रोहतगी ने उड़ाया शेफाली जरीवाला की मौत का मजाक, भड़के यूजर्स

**पायल** रोहतगी हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में बनी थीं। कहा जा रहा था कि पायल रोहतगी पति संग्राम सिंह से तलाक ले रही हैं। जहां संग्राम ने तलाक की अफवाहों को नकारा। वहीं अब पायल शेफाली जरीवाला पर कमेंट करने के कारण सुर्खियों में हैं।पायल रोहतगी ने एक जर्नलिस्ट के साथ बात करते हुए शेफाली जरीवाला की मौत का मजाक उड़ाया। उन्होंने मेंटल हेल्थ इशूज पर भी तंज कसा, जिसके कारण वह यूजर्स के निशाने पर आ गई हैं।

दरअसल, एक जर्निलस्टि ने पायल रोहतगी को मैसेज करके संग्राम सिंह से उनके तलाक की खबरों के बारे में पूछा गया। जर्नलिस्ट का मैसेज पायल को पसंद नहीं आया। वह बुरी तरह भड़क गईं। पायल रोहतगी की जर्नलिस्ट के साथ वॉट्सऐप पर जो बात हुई, उसके स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।




चैट में लिखा है-पहले जर्नलिस्ट का मैसेज- 'हेलो पायल, गुड मॉर्निंग, उम्मीद है तुम ठीक हो। कुछ खबरें चल रही हैं कि तुम्हारे और संग्राम के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा है और तुम दोनों तलाक की ओर बढ़ रहे हो। क्या इन अफवाहों में कोई सच्चाई है? बस तुमसे पूछना चाहती थी।'

जर्नलिस्ट का मैसेज देख पायल बिफर गईं और उस पर डिप्रेशन में होने और ड्रग्स लेने का आरोप लगा दिया। पायल ने लिखा -यह जानकर दुख हुआ कि तुम डिप्रेशन में हो। प्लीज दिन में ड्रग्स मत लिया करो... ओवरडोज से मौत हो सकती है। और फिर तुम्हारा खुद का अखबार कहेगा कि एंटी-एजिंग दवाइयों से ऐसा हो गया।'

पायल रोहतगी की ऐसी हरकत पर यूजर्स ने उन्हें लपेटे में ले लिया। रेडिट पर कमेंट्स की भरमार है।

गौरतलब है कि शेफाली जरीवाला की 27 जून को मौत हो गई थी। बताया गया कि उन्हें कार्डियक अरेस्ट हुआ था।

वह एंटी-एजिंग दवाइयों के अलावा स्किन को ग्लो करने की दवाइयां और विटामिन सप्लीमेंट्स ले रही थीं। शेफाली का ब्लड प्रेशर काफी लो हो गया था और उन्होंने मौत वाले दिन विटमिन सी की आईवी ड्रिप ली थी।



## रणवीर सिंह ने 40वें बर्थडे पर खुद को गिफ्ट की लग्जरी कार, अपने नाम की

**4.5 करोड़** की हमर बॉलीवुड के जाने माने एक्टर रणवीर सिंह ने हाल ही में अपना 40वां बर्थडे मनाया। इस मौके पर जहां उन्हें फैंस और करीबियों की खूब शुभकामनाएं मिलीं। वहीं, एक्टर ने खुद को एक लग्जरी कारी गिफ्ट की। जी हां, रणवीर ने अपने 40वें बर्थडे पर हमर ईवी 3 खरीदी, जिसकी कीमत करोड़ों में है। कार खरीदने के बाद हाल ही में एक्टर को नई गाड़ी के साथ घर के बाहर भी स्पॉट किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ।

सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि हमर ईवी 3 को रणवीर और दीपिका पादुकोण के घर डिलीवर किया जा रहा है। ऐसे में रणवीर सिंह अब पहले ऐसे बॉलीवुड सेलेब्रिटी बन गए हैं, जिनके पास इलेक्ट्रिक कार है। उनकी इस कार की कीमत 4.5 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

**वर्कफ्रंट :** काम की बात करें तो रणवीर सिंह जल्द ही फिल्म धुरंधर में नजर आएंगे। हाल ही में उनकी इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है और यह इसी साल दिसंबर में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## कार्लोस अल्काराज और अमांडा अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में



**एजेंसी/ लंदनः** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमरीकी टेलर फ्रिट्ज से मुकाबला करेंगे। एक नंबर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार ङ्कषवबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं, लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया, जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच प्वाइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुंचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच प्वाइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अनिसिमोवा अब सेमीफाइनल में नंबर-1 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी। सबालेंका ने पहले ही दिन लौरा सीगेमंड जैसी मुश्किल प्रतिद्वंद्वी को हराया था।

# आज लॉड्र्स में बढ़त पाने को भिड़ेंगे भारत-इंग्लैंड

## तीसरे टेस्ट मैच में दोपहर बाद 3:30 बजे से आमने-सामने होंगे शुभमन गिल-बेन स्टोक्स, 1-1 की बराबरी पर सीरीज

1
**एजेंसी/ लंदनः** भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरुवार से ऐतिहासिक लॉड्र्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में एडवांटेज लॉड्र्स के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्त्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जाएगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रन के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। दूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉड्र्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है। इंग्लैंड ने लॉड्र्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी जीवंत पिच की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई उपमहाद्वीप जैसी पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वह गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वह



अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं, क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है।

तीसरे टेस्ट में आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रंप कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। भारत ने बर्मिंघम में दबदबे वाली जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद शुभमन गिल की अगवाई में भारतीय टीम मंगलवार को लॉड्र्स में अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए एक सहज और आत्मविश्वासी माहौल में पहुंची। सबसे ज्यादा सहज बुमराह दिखे, जो इंग्लैंड दौरे की शुरूआत से ही अभ्यास सत्रों में चुलबुले और मजाकिया मूड में रहे हैं। बल्लेबाजी फिलहाल भारत का मजबूत पक्ष है। जायसवाल, राहुल और कप्तान गिल की तिकड़ी एक बार फिर रन का अंबार लगाने के लिए तैयार हैं। ऋषभ पंत इस त्रिकोण में चौथे कोण का काम करते हैं।

**गिल को कभी मोटिवेट नहीं करूंगा :** एजबेस्टन में भारत के इतिहास को लेकर टीम इंडिया को ताना मारने वाले ब्रिटेन के पत्रकार ने अब शुभमन को कुछ भी ऐसा न कहने की कसम खाई है, जो उन्हें मोटिवेट करे। बीबीसी के क्रिकेट जर्नलिस्ट जो विल्सन ने एजबेस्टन टेस्ट से पहले ताना मारने के अंदाज में गिल को उस मैदान में भारत के बहुत ही खराब रिकॉर्ड की याद दिलाई थी। जब भारत ने एजबेस्टन टेस्ट 336 रन से जीत लिया, तब भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही पूछ लिया कि मेरे पसंदीदा पत्रकार नहीं दिख रहे। कहां गए? गिल के सार्वजनिक तौर पर ट्रोल किए जाने के बाद विल्सन ने कहा कि वह अब ऐसा कुछ नहीं कहेंगे, जो गिल को मोटिवेट करे।

**शुभमन गिल के लिए खतरा बन सकते हैं जोफ्रा आर्चर :** स्टुअर्ट ब्रॉड और जोस बटलर का मानना है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर तीसरे मैच में शुभमन गिल के लिए खतरा बन सकते हैं। आर्चर के खिलाफ टेस्ट में गिल के आंकड़े अच्छे नहीं हैं। भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल जारी सीरीज के शुरूआती दो मैचों में ही तीन शतक लगा चुके हैं। इंग्लैंड के गेंदबाज गिल को बड़ी मुश्किल से आउट कर पा रहे हैं।

**चुनौतीपूर्ण होगी पिचः** इस बार मौसम का पूवार्नुमान ठीक-ठाक है। तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिच पर हल्की हरी घास दिख रही थी और बल्लेबाड्डी कोच सितांशु कोटक के अनुसार यह पिच चुनौतीपूर्ण होने वाली है। बुमराह को पिचों से ज्यादा फर्क कभी नहीं पड़ा। गुरुवार को जब वह गेंद हाथ में लेंगे, तो उनकी आंखों में चमक होगी। जैसे वह उसी पुरानी याद को फिर से जीने जा रहे हों।

न्यूज ब्रीफ



## सड़े आम बोलकर सड़क किनारे फेंकी बोरी, लोगों ने चेक किया तो उड़े होश

**लुधियानाः** पंजाब के लुधियाना में एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां फिरोजपुर रोड पर बाइक सवार दो युवक एक लड़की का शव बोरी में भरकर फेंक गए। युवकों के हौंसले इतने बुलंद थे कि दोनों ने दिन दहाड़ लड़की के शव को बोरी में भरा और सड़क किनारे फेंक गए। मौके पर मौजूद लोगों ने जब उनसे पूछा कि बोरी में क्या है तो उन्होंने कहा कि बोरी में सड़े हुए आम हैं और इन्हें फेंकने आए हैं। इस दौरान एक रेहड़ी वाले ने उनका वीडियो बना लिया। लोगों को बोरी से बहुद बदबू आ रही थी जिसके चलते उन्हें कुछ संदेह हुआ। लोगों ने जब बोरी को खोलकर देखा तो उसमें आम की जगह युवती की लाश निकली।

बोरी में युवती की लाश को देख रेहड़ी ने शोर मचाया। उसकी आवाज सुन आस पास के लोग इकट्ठा हुए। जब लोगों ने बाइक सवार उन दो युवकों को रोकने की कोशिश की तो वह उनसे हाथापाई करने लगे। हालांकि इस दौरान दोनों युवक अपनी बाइक को छोड़ वहां से फरार हो गए। इसके बाद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू की। मृतक युवकी की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## नीति आयोग की रिपोर्ट में बिहार को पश्चिम बंगाल बताने पर भडकीं ममता बनर्जी



**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को नीति आयोग की उपाध्यक्ष को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने नाराजगी जताई कि नीति आयोग की एक आधिकारिक रिपोर्ट में बिहार को गलत तरीके से पश्चिम बंगाल के रूप में दिखाया गया है। उन्होंने इस त्रुटि की निंदा की और आयोग से तत्काल माफी व सुधार की मांग की। एक्स पर एक पोस्ट में ममता बनर्जी ने उस पत्र की एक प्रति और भारत के नक्शे का एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जो रिपोर्ट के पहले पन्ने पर प्रकाशित हुआ था, जिसमें बिहार को पश्चिम बंगाल के रूप में दिखाया गया था। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी को लिखे पत्र में बनर्जी ने कहा, मैं गहरी चिंता और स्पष्ट अस्वीकृति के साथ यह पत्र लिख रही हूं कि नीति आयोग द्वारा प्रकाशित और उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध पश्चिम बंगाल राज्य के लिए सारांश रिपोर्ट में जो नक्शा पश्चिम बंगाल को दशार्ने के लिए दिया गया है, उसमें पश्चिम बंगाल की जगह बिहार का क्षेत्र दिखाया गया है। मुख्यमंत्री ने इस त्रुटि को नीति आयोग की एक गंभीर चूक करार दिया।

## अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर की गई क्रूरता 1975 में लगी इमरजेंसी पर बोले शशि थरूर



**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद और पार्टी की कार्यसमिति के सदस्य डॉ. शशि थरूर ने 1975 में लगे आपातकाल को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आपातकाल केवल एक ह्यकाला अध्याय नहीं है, बल्कि यह भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जाना चाहिए। थरूर ने कहा, अनुशासन और व्यवस्था के नाम पर की गई कार्रवाइयां कई बार क्रूरता में बदल गईं, जिन्हें किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने साफ कहा कि उस दौर की कुछ नीतियां, विशेषकर संजय गांधी द्वारा चलाया गया जबरन नसबंदी अभियान और शहरी झुग्गियों को तोड़ने की घटनाएं, लोकतंत्र के खिलाफ थीं और इनसे हजारों लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लिखा कि आज भले ही भारत पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वासी, विकसित और मजबूत लोकतंत्र हो, लेकिन आपातकाल के सबक आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। थरूर ने आगाह किया कि सत्ता केंद्रीकरण और असहमति को दबाने की प्रवृत्तियां भविष्य में फिर से सिर उठा सकती हैं, और लोकतंत्र के रक्षकों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए।

## एक्जिओम-4 मिशन में शामिल शुभांशु शुक्ला की धरती पर वापसी में हो सकती है देरी

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला इन दिनों एक्जिओम -4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद हैं। यह मिशन 25 जून 2025 को अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से स्त्र्री के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए लॉन्च हुआ था। शुभांशु शुक्ला के साथ इस मिशन में कमांडर पेगी व्हिटसन (अमेरिका), स्लावोस उजनान्स्की-विस्निव्स्की (पोलैंड) और टिबोर कपु (हंगरी) शामिल हैं। मिशन के तहत यह टीम 12 दिनों के लिए क्र्र पर भेजी गई थी, लेकिन अब इनकी वापसी में 3-4 दिन की देरी हो सकती है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी ने संकेत दिया है कि एक्जिओम -4 मिशन की वापसी 14 जुलाई 2025 से पहले संभव नहीं है।

**देरी की संभावित वजहें:**

**खराब मौसमः** एक्जिओम -4 ड्रैगन कैप्सूल ग्रेस में लौटेगा, जो फ्लोरिडा तट के पास अटलांटिक महासागर या मैक्सिको की खाड़ी में स्प्लैशडाउन करेगा। लेकिन फिलहाल उस क्षेत्र में तेज हवाएं, बारिश और संभावित तूफान की आशंका बनी हुई है। ऐसे में स्प्लैशडाउन सुरक्षित नहीं माना जा रहा, जिससे वापसी की तारीख आगे बढ़ाई गई है।

तेज बारिश का कहर

# दिल्ली-एनसीआर, एमपी और महाराष्ट्र में बाढ़ जैसे हालात, कई मौतें



**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को तेज बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को खराब मौसम के कारण 6 फ्लाइटों को डायवर्ट करना पड़ा, जिनमें से 4 जयपुर और 2 लखनऊ भेजी गईं। कुछ उड़ानों के मार्ग बदले गए, जबकि कई में देरी दर्ज की गई।

बारिश के चलते दिल्ली की कई सड़कों पर जलभराव हो गया, जिससे घंटों तक ट्रैफिक जाम लगा रहा। गुरुग्राम की हालत सबसे खराब रही, जहां सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। कई जगह गाड़ियां पानी में फंसी रहीं और राहगीरों की कमर तक पानी पहुंच गया। गुरुग्राम में बुधवार शाम 90 मिनट के भीतर 103 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि बीते 12 घंटे में यह आंकड़ा 133 मिमी तक पहुंच गया। हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर सभी कॉर्पोरेट कार्यालयों और निजी संस्थानों से वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने को कहा है। मध्यप्रदेश के जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर समेत कई जिलों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नरसिंहपुर में बुधवार को नदी में बहने से तीन बच्चों की मौत हो गई। हरियाणा के कैथल जिले में तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। उधर, महाराष्ट्र के नागपुर में तेज बारिश के कारण 71 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। बोरगांव में एक 35 वर्षीय युवक उफनते नाले में बह गया, जबकि उप्पलवाड़ी में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हालात को देखते हुए नागपुर जिले के सभी स्कूल 9 जुलाई तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

## दिल्ली, एनसीआर में भूकंप के झटके बारिश में भी घरों से निकले लोग




**नई दिल्लीः** दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में गुरुवार पूर्वाह्न नौ बजकर पांच मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किये गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद, जींद, रोहतक, भिवानी, झज्जर, बहादुरगढ़ समेत कई शहरों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। भूकंप से कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार रात से तेज बारिश, जाम एवं जलभराव झेल रहे लोग आज सुबह भूकंप के तेज झटकों से सहम गए। लोग डरकर घर से बाहर निकल आए।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया पोस्ट कर सभी के सुरक्षित होने की उम्मीद की है। उन्होंने लिखा कि उम्मीद है कि भूकंप के बाद सभी सुरक्षित होंगे। सभी के लिए प्रार्थना कर रहा हूं। दिल्ली पुलिस ने भी भूकंप को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। जिसमें लिखा कि आज सुबह दिल्ली-एनसीआर में आए भूकंप में अभी तक किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। हम सभी दिल्लीवासियों की कुशलता की कामना करते हैं।

## लाल सागर में हूती हमला, मालवाहक जहाज से छह लोग बचाए, 15 लापता



**यरुशलम, सनाः** लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा लाइबेरियाई ध्वज वाले एक मालवाहक जहाज किए गए हमले के बाद चालक दल के छह सदस्यों को बचा लिया गया। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को यूरोपीय संघ के नौसैनिक बल के हवाले से दी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को हुए इस हमले में यूनानी स्वामित्व वाला जहाज डूब गया तथा कम से कम चार नाविकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लापता हो गए।

हूती ने एक बयान में कहा कि इटरनिटी सी पर हमला सोमवार को एक मानवरहित नाव और मिसाइलों का उपयोग कर किया गया था और इसका उद्देश्य गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाना था, जिससे इजरायली सेना पर गाजा पर हमले को रोकने के लिए दबाव डाला जा सके। समूह के सैन्य हूती के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि इटरनिटी सी पर हमला तब किया गया जब यह इजरायल की ओर बढ़ रहा था। प्रवक्ता ने कहा हूतियों ने भी जहाज के चालक दल के कई सदस्यों को बचाने, उन्हें चिकित्सा देखभाल प्रदान करने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कोशिश की थी। विद्रोहियों ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इसमें टरनिटी सी पर उनके हमले को और जहाज के डूबने से पहले उसमें हुए विस्फोटों को दशार्या गया है और इसमें चालक दल को जहाज खाली करने का आह्वान किया गया है।

यमन में अमेरिकी मिशन ने हूतियों पर इटरनिटी सी के कई जीवित चालक दल के सदस्यों का अपहरण करने का आरोप लगाया तथा उनकी तत्काल और बिना शर्त सुरक्षित रिहाई की मांग की। ब्रिटिश सेना द्वारा संचालित यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ) ने मंगलवार को कहा था कि जहाज को बहुत नुकसान पहुंचा है और उसका सारा प्रणोदन तंत्र नष्ट हो गया है। ब्रिटेन स्थित सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने एएफपी समाचार एजेंसी को बताया कि बुरी तरह क्षतिग्रस्त जहाज यमन के बंदरगाह शहर होदेइदाह के पास डूब गया जो हूतियों के नियंत्रण में है।

## विजय देवरकोंडा से राणा दग्गुबाती तक,सट्टेबाजी के मामले में बढ़ी 29 सेलेब्रिटीज की मुश्किलें, ईडी करेगी पूछताछ



**नई दिल्लीः** बेटिंग ऐप यानी सट्टेबाजी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में 29 सेलिब्रिटीज पर एऊने मामला दर्ज किया है। इस मामले में 29 सेलेब्रिटीज के खिलाफ जांच शुरू की गई है। इन सेलिब्रिटी पर आरोप है कि इस सट्टेबाजी वाले अवैध ऐप का विज्ञापन/प्रचार प्रसार किया गया था। जिन प्रमुख हस्तियों के नाम सामने आए हैं, उनमें विजय देवरकोंडा, राणा दग्गुबाती, मंचू लक्ष्मी, प्रकाश राज, निधि अग्रवाल, अनन्या नगल्ला, श्रीमुखी शामिल हैं।

ईडी की कार्रवाई हैदराबाद साइबराबाद पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई है। इन सेलेब्रिटीज पर आरोप है कि उन्होंने कथित रूप से इस अवैध बेटिंग ऐप को प्रमोट किया था या इसके माध्यम से लेन-देन में शामिल थे। मामले में मनी लॉन्ड्रिंग और अवैध सट्टेबाजी से जुड़े पहलुओं की जांच की जा रही है। ईडी अब इन सभी हस्तियों से पूछताछ कर सकती है और उनके बैंक लेन-देन की भी जांच करेगी। शिकायत में कहा गया था कि इस स्कैम में मोटा पैसा लगा हुआ है। जब ये मामला सामने आया था तो साउथ एक्टर और हिंदी सिनेमा में विलेन की भूमिका निभाने के लिए मशहूर प्रकाश राज ने स्वीकार किया कि उन्होंने 2015 में एक ऐसे विज्ञापन में काम किया था, लेकिन एक साल के अंदर ही इस डील से बाहर आ गए थे। वहीं राणा नायडू फेम राणा दग्गुबाती की टीम ने भी साफ किया था कि उनका एंडोर्समेंट डील सभी कानूनों के तहत था और वह किसी भी अवैध डील में शामिल नहीं हुए थे।

## मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सभी मंजूरियां मिलीं, जल्द मिलेगा हाईस्पीड सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्लीः** भारत में सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को बुधवार को देश के स्पेस रेगुलेटर भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) से मंजूरी मिल गई है। इन-स्पेस की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑथराइजेशन लिस्ट के अनुसार, इस मंजूरी के बाद स्टारलिंक के लिए देश में कमर्शियल सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू करने के लिए अंतिम विनियामक बाधा दूर हो गई है। स्टारलिंक को अब सरकार से स्पेक्ट्रम हासिल करना होगा और अपनी सेवाओं के लिए जमीनी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना होगा। दूरसंचार विभाग (डीओटी) सुरक्षा अनुपालन को पूरा करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी को ट्रायल स्पेक्ट्रम देने के लिए तैयार है। इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद स्टारलिंक देश में कुछ महीनों में ही सैटेलाइट आधारित इंटरनेट सर्विस शुरू कर सकती है।

स्टारलिंक ने भारत में वीसैट प्रोवाइडर्स के साथ पहले ही व्यावसायिक समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। वीसैट (वेरी स्मॉल अपर्चर टर्मिनल) सेवा प्रदाता उपग्रह-आधारित इंटरनेट और संचार समाधान प्रदान करते हैं, खासकर उन स्थानों के लिए जहां स्थलीय कनेक्टिविटी सीमित या बिल्कुल नहीं है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले हफ्ते कहा था कि स्पेसएक्स की स्टारलिंक सेवा के भारत में प्रवेश के लिए उनकी ओर से सभी आवश्यक जांच-पड़ताल पूरी कर ली गई है, और स्पेस रेगुलेटर से आवश्यक नियामक और लाइसेंसिंग मंजूरी मिलने के बाद, वे जब चाहें देश में यह सेवा शुरू कर सकते हैं। मंजूरी देने से पहले



स्पेस रेगुलेटर ने स्टारलिंक को एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया था। स्टारलिंक पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले सैटेलाइट के एक नेटवर्क के माध्यम से इंटरनेट प्रदान करता है। कंपनी वर्तमान में दुनिया के सबसे बड़े सैटेलाइट नेटवर्क का संचालन करती है, जिनके 6,750 से अधिक सैटेलाइट कक्षा में स्थापित हैं। स्टारलिंक इंटरनेट सेवाएं मंगोलिया, जापान, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया, जॉर्डन, यमन, अजरबैजान और श्रीलंका सहित कई देशों में पहले से ही उपलब्ध हैं।

# निष्पक्ष व्यापार सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ बातचीत में तेजी लाने की उम्मीद : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली : केंद्रीय** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्री तजफरुल अजीज के साथ उनकी एक सार्थक बैठक हुई, जिसमें उन्होंने आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की चल रही समीक्षा पर चर्चा की।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्लनिष्पक्ष व्यापार और संतुलित विकास सुनिश्चित करने के लिए आसियान सदस्य देशों के साथ बातचीत में तेजी लाने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमने दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर भी चर्चा की। मलेशिया आर्थिक मामलों पर आसियान की ओर से भारत का परमानेंट कोऑर्डिनेटर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सप्ताह रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स समिट के दौरान अपने मलेशियाई समकक्ष अनवर बिन इब्राहिम से भी मुलाकात की थी और अन्य मुद्दों के अलावा, आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा पर भी चर्चा की थी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने आसियान के सफल नेतृत्व के लिए मलेशिया को बधाई दी और आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए उसके निरंतर समर्थन का स्वागत किया, जिसमें आसियान-भारत मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा को शीघ्र और सफलतापूर्वक पूरा करना भी शामिल है।

एआईटीआईजीए दस आसियान सदस्य देशों (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) और भारत के बीच एक व्यापार समझौता है। इसका उद्देश्य व्यापार को सुगम बनाने के लिए शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना है।

यह समझौता 2009 में हस्ताक्षरित हुआ था और 1 जनवरी, 2010 को एक व्यापक व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) के फ्रेमवर्क के हिस्से के रूप में लागू हुआ। एआईटीआईजीए भौतिक वस्तुओं के व्यापार पर केंद्रित है और सेवाओं के व्यापार को कवर नहीं करता है, जिनका उल्लेख 2014 में हस्ताक्षरित एक अलग समझौते में किया गया है।

एआईटीआईजीए ने भारत और आसियान के बीच व्यापार को बढ़ाने में योगदान दिया है, जिससे 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 121 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। एआईटीआईजीए भारत और आसियान के बीच अधिक इकोनॉमिक इंटीग्रेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसकी समीक्षा से व्यापार और निवेश के अवसरों में और वृद्धि होने की उम्मीद है।

न्यूज IN ब्रीफ

## बाल श्रम की रोकथाम को लेकर निरीक्षण अभियान चलाया गया



**गुमला :** गुमला उपायुक्त के निदेर्शानुसार गुमला जिले के बसिया और कामडरा प्रखंड में बाल श्रम की रोकथाम के उद्देश्य से आज संयुक्त रूप से निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में श्रम अधीक्षक, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक, केस वर्कर,तथा श्रम विभाग के कर्मी शामिल थे। अभियान के दौरान होटलों, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत बच्चों की जांच की गई। टीम ने दुकानदारों और होटल संचालकों को बाल श्रम कानूनों के बारे में जागरूक किया तथा उन्हें यह समझाया कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से मजदूरी कराना पूर्णतः गैरकानूनी अपराध है। इस अवसर पर लोगों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी गई ताकि बाल श्रम, बाल तस्करी या बाल शोषण जैसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत दी जा सके। जिला प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि बाल श्रम रोकथाम हेतु समय-समय पर ऐसे अभियान आगे भी चलाए जाते रहेंगे और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश कमिटी के पुर्नगठन की तैयारियों की हुई समीक्षा

**रांची:** आज झारखंड प्रदेश कान्य कुब्ज वैश्य हलवाई महासभा की एक आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय मैकी रोड स्थित राजकलश में हुई। बैठक कि अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने की। बैठक मुख्य रूप से 13 जुलाई 2025, दिन रविवार को होने वाली पूज्यपाद महर्षि मोदनसेन महाराज की जयंती मनाने एवं प्रदेश कमिटी के पुनर्गठन की तैयारियों की समीक्षा को लेकर की गई। प्रभारियों द्वारा एवं सोशल मीडिया के माध्यम से झारखंड के सभी जिला प्रतिनिधियों को निमंत्रित कर दिया गया है। प्रदेश महामंत्री दीनानाथ गुप्ता ने कार्यक्रम के स्वरूप की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 13.07.2025 को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया जायेगा। सभी अतिथियों का स्वागत किया जायेगा। सुबह 11 बजे महर्षि मोदन सेन महाराज की पूजन आरती वंदन गीत गाए जायेंगे उसके बाद स्वजातियों के बीच घी से बने हुए महाप्रसाद का वितरण के बाद प्रदेश कमिटी का पुनर्गठन किया जायेगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने की तैयारी पूरे प्रदेश के स्वजाति बंधुओं के द्वारा निरंतर बारिश के बावजूद खासा उत्साह के साथ किया जा रहा है।

### ड्यूटी पर बिना वर्दी पहुंचे तो तय है कार्रवाई, डीआईजी नौशाद आलम ने कसा शिकंजा

# पलामू प्रक्षेत्र के सभी थानों को निर्देश- हर दिन पहनें वर्दी, लगाएं नेमप्लेट : डीआईजी

बिनय मिश्रा

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक डीआईजी ने थानों और कार्यालयों में बढ़ती लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सभी थानों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि कई थानों में ओडी पदाधिकारी, सिरिस्ता कर्मी और अन्य पुलिसकर्मी निर्धारित विभागीय वर्दी और स्पष्ट नेमप्लेट के बिना ड्यूटी कर रहे हैं, जिससे न केवल आम जनता को पहचान में असुविधा हो रही है बल्कि यह पुलिस विभाग की पेशेवर छवि को भी नुकसान पहुंचा रहा है,डीआईजी कार्यालय से जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह स्थिति पुलिस आचरण संहिता और विभागीय अनुशासन का उल्लंघन है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीआईजी नौशाद आलम ने इसे



गंभीर मानते हुए कई दिशा निर्देश निर्गत किए हैं,सभी थाना, पोस्ट, पिकेट, पुलिस केंद्र एवं कार्यालय में कार्यरत पुलिसकर्मी अनिवार्य रूप से ड्यूटी के दौरान विभागीय वर्दी पहनें, स्पष्ट नाम-पट्टी लगाएं और मानक जूते पहनें।

खासकर सुबह 8 बजे से 2 बजे तक की पहली पाली में ओडी पदाधिकारी पूर्ण वर्दी में 24 घंटा रहें,सभी थानों में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी का एक विस्तृत, सुव्यवस्थित एवं हस्ताक्षरयुक्त रोस्टर तैयार किया जाए, इसके तहत सभी को स्पष्ट रूप से कर्तव्य आवंटित किया जाएगा, डेली मीटिंग और ग्रुप फोटो अनिवार्य,

थाना प्रभारी प्रतिदिन सुबह एक मीटिंग कर ड्यूटी तय करें और पूर्व दिवस के कार्यों की समीक्षा करें। इसके बाद सभी पुलिसकर्मियों का समूह छाया चित्र (ग्रुप फोटो) लिया जाए, जिसमें वे वर्दी और नेमप्लेट में दिखें। यह फोटो एवं रिपोर्ट प्रतिदिन डीआईजी कार्यालय के हँ३२अस्त्रस्त्र˘१ङ्क४स्त्र को भेजना अनिवार्य किया गया है।

इस आदेश की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक लातेहार, गढ़वा, पलामू सहित पलामू प्रक्षेत्र के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों व निरीक्षकों को भेजी गई है। डीआईजी ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले पदाधिकारी जांच के दायरे में आएंगे।

## चालान वसूलने के साथ किया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

### बिना हेलमेट चलने वाले 25 वाहन चालकों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के निदेर्शानुसार आज रायडीह थाना के समक्ष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के साथ दोपहिवाहनों की जांच की गई। इस अभियान का संचालन मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह एवं प्रदीप कुमार तिर्की के नेतृत्व में किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट चलने वाले कुल 25 मोटरसाइकिल चालकों को चिन्हित किया गया और उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु रोड सेफ्टी काउंसलिंग की गई। जिला मोटरयान निरीक्षक गुमला ने उपस्थित चालकों को बताया कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग दुर्घटनाओं की संभावना को कम करता है और जीवन रक्षा में सहायक होता है।

इस अभियान के तहत सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए चालकों से अपील की गई कि वे स्वयं की एवं अन्य लोगों की सुरक्षा हेतु सतर्कता बरतें। साथ ही, वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने वाले चालकों से कुल ₹15,000 की दंड राशि भी वसूली गई।

सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को नियमों के प्रति जागरूक बनाना और दुर्घटनाओं को न्यूनतम करना है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम जिले के अन्य प्रखंडों में भी नियमित रूप से संचालित किए जाएंगे। आज के अभियान में मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक एवं अश्वनी कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## अज्ञात युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

**खूंटी:** जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में एक हैरतअंगेज घटना सामने आई है, जहां खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर स्थित सेमरटोली मोड़ के पास एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष बताई जा रही है। शव पर सिर और चेहरे पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने युवक के शव की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने जांच में पाया कि पीड़ित के चेहरे पर गहरी चोटें हैं और उसका चेहरा सूजा हुआ है।

### अनुमंडल पदाधिकारी बसिया ने सालेगुटू पंचायत में की योजनाओं की समीक्षा

# विद्यालय एवं जन वितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया अनुमंडल मुख्यालय मे अनुमंडल पदाधिकारी, बसिया जयवंती देवगम द्वारा कामडारा प्रखंड अंतर्गत सालेगुट्टू पंचायत का क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जन वितरण प्रणाली की दुकानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं पंचायत भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत के डीलर अश्विनी नाग एवं मोतीलाल द्वारा संचालित डीलरशिप दुकानों का निरीक्षण कर खाद्यान्न वितरण की पारदर्शिता, स्टॉक की स्थिति एवं लाभुकों को समय पर आपूर्ति की समीक्षा की। साथ ही क्षेत्र के अन्य जन वितरण प्रणाली दुकानों



का भी निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके पश्चात उन्होंने चंदाटोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जहाँ बच्चों को दी जा रही पोषण सेवाओं एवं केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मोहरा टोली का भी भ्रमण किया गया, जहाँ उन्होंने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों से संवाद कर शैक्षणिक गुणवत्ता, उपस्थिति एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। अनुमंडल पदाधिकारी ने पंचायत भवन में चल रहे धरती आबा जन भागीदारी शिविर का भी निरीक्षण किया तथा शिविर में नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत भवन की संरचनात्मक स्थिति एवं कार्यालयीन कार्यप्रणाली का भी अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, कामडारा एवं अंचल अधिकारी भी उपस्थित रहे। अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समय पर एवं पारदर्शिता के साथ पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए।

## नागाराजू के अथक परिश्रम से बच्चे रचते आ रहे हैं इतिहास




ज्योति पाठक

कुशल अनुशासन बेहतर पठन पाठन का ही यह सार्थक परिणाम है कि मधुसूदन पब्लिक स्कूल के छात्र मैट्रिक और इंटर में अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में निरंतर सफल रहे हैं और इसका श्रेय निश्चित रूप से विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन समिति को भी जाता है। विद्यालय के प्राचार्य के नागाराजू का स्पष्ट मानना है कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल दिया जाए और लक्ष्य की ओर प्रेरित किया जाए तो इसका परिणाम हमेशा प्रशंसनीय, बेहतर और उत्कृष्ट होते हैं, बच्चों को शैक्षणिक माहौल यह बताने के लिए काफी है कि बेहतर और अव्वल परीक्षाफल लाने वाले मेधावी छात्र विद्यालय के साथ साथ जिला और राज्य का नाम भी गौरवान्वित करते हैं यह विद्यालय के लिए निश्चित तौर पर उपलब्धि और गौरव की बात है, बच्चों ने हमेशा विद्यालय का मान सम्मान और गौरव बढ़ाया है, विद्यालय के प्राचार्य का स्पष्ट मानना है कि छात्र विद्यालय के धरोहर होते हैं और उनके आचरण और गुण विद्यालय का मान सम्मान बढ़ाते हैं तथा ₹विद्या ददाति विनयम₹ को चरितार्थ करते हैं।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न

## पारडीह काली मंदिर में हुआ विशेष रुद्राभिषेक

जमशेदपुर। गुरु-शिष्य परंपरा की अनुपम छवि लिए गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुवार को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में गुरु वंदना, प्रवचन, भजन, शोभायात्रा, आरती और भंडारा का आयोजन किया गया। भक्तों ने अपने-अपने गुरुओं की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।पारडीह काली मंदिर में इस अवसर पर विशेष आयोजन हुआ, जहाँ जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत विद्यानंद सरस्वती के नेतृत्व में ब्रम्हलीन महंत शंकराचार्य सरस्वती की समाधि स्थल पर स्थापित शिवलिंग का महामृत्युंजय जाप और रुद्राभिषेक किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में शिष्य और श्रद्धालु शामिल हुए।मंदिर

प्रेक्षागृह में सुबह साढ़े 11 बजे से महंत विद्यानंद सरस्वती की पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हुआ, जिसमें भक्तों ने बारी-बारी से अपने गुरु का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन में आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति भाव की सजीव अनुभूति देखने को मिली।इस पावन अवसर पर मेघानंद सरस्वती, इंद्रानंद सरस्वती, अविनाश सिंह राजा, मधु गोराई, भवानी सिंह सहित कई अन्य श्रद्धालु और संत महात्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु-शिष्य संबंध को सुदृढ़ करना और सनातन परंपरा के महत्व को जनमानस तक पहुंचाना था।




# उपायुक्त के निर्देश पर मंडल कारा में किया गया औचक निरीक्षण



संवाददाता

**गुमला :** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित गुमला के निर्देशानुसार दिनांक 08 जुलाई 2025 को रात्रि 08:45 बजे से 10:30 बजे तक जिला मंडल कारा, गुमला का औचक निरीक्षण एवं सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस निरीक्षण का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, गुमला राजीव नीरज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गुमला सुरेश प्रसाद यादव द्वारा किया गया।

निरीक्षण दल में जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, अंचलाधिकारी गुमला, प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला, थाना प्रभारी गुमला, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं काराधीक्षक, मंडल कारा गुमला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में महिला पुलिस पदाधिकारी एवं महिला पुलिस बल की उपस्थिति में महिला वार्ड की सघन तलाशी की गई। इस दौरान कोई भी आपत्तिजनक सामग्री प्राप्त नहीं हुई।

इसी क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य अधिकारियों द्वारा मंडल कारा के कुल 08 पुरुष वार्डों एवं सेल की भी गहन तलाशी ली गई। इस दौरान भी किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु अथवा अनुचित गतिविधि के साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए।

निरीक्षण दल ने कारा प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था को संतोषजनक पाया तथा काराधीक्षक को निर्देशित किया गया कि इस प्रकार की सतर्कता एवं निगरानी भविष्य में भी लगातार बनाए रखें, ताकि जिला कारा ( जेल )परिसर पूर्णतः सुरक्षित एवं अनुशासित बना रहे।